प्रादेशिक समाचार
01.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन के अंतिम दिन देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। मुख्य रूप से साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा और माओवादी तथा उग्रवाद से निपटने पर विचार किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद हैं। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए कार्यनीतिक उपायों पर जोर दिया जा रहा है। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ड्रोन जैसी उभरती तकनीकों से उत्पन्न चुनौतियां, शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ आतंकवाद विरोधी रणनीतियाँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री और प्रमुख अधिकारी, पुलिस के सामने आने वाले विभिन्न परिचालन और बुनियादी ढाँचे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा कर रहे हैं।

*****************

बंगाल बॉर्डर पर आलू के वाहन रोकने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। उन्होंने राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी से तत्काल मामले निष्पादन करने को कहा है। इसके बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से इस मामले के निष्पादन के लिए फोन पर बात की। श्री पंत ने भरोसा दिया कि कमेटी बनाकर मामले का निष्पादन जल्द किया जायेगा।

*****************

झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग में आज पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया, जहां गढ़वा जिले के 388 गृह रक्षकों ने मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये गृह रक्षक अपने गृह जिला गढ़वा में सेवा देंगे। इस मौके पर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने परेड का निरीक्षण किया।

*****************

राज्य सरकार ने धार्मिक स्थल देवघर को विकसित करने का निर्णय लिया है। यहां काशी विश्वनाथ या महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर 33 एकड़ में बाबा बैद्यनाथ कॉरिडोर बनाया जायेगा। इसके लिए बाबा मंदिर के आसपास के क्षेत्र का अधिग्रहण किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए करीब 900 करोड़ का बजट रखा है। इसमें 275 करोड़ रूपये जमीन अधिग्रहण के लिए होगा। बैद्यनाथ कॉरिडोर का डिजाइन पर्यटन विभाग ने भवन निर्माण विभाग से कराया है।

*****************

हजारीबाग के केरेडारी प्रखण्ड के लोचर गांव में घरेलू उत्पाद से कार्बनिक बायो डीएपी खाद बनाया जा रहा है।

*****************

सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे आज 70 वर्षीय झारखंड आंदोलनकारी वरुण चक्रवर्ती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर कांड्रा पुलिस और आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। वरुण चक्रवर्ती की मौत की खबर सुनकर झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुधीर महतो घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि चक्रवर्ती झारखंड आंदोलन के एक समर्पित नेता थे।

*****************

पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड में आज सेवानिवृत्त शिक्षक परीक्षण सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई। परीक्षण सिंह गांव में खेत की ओर गये थे। इसी दौरान तेज धारदार हथियार से अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने छानबीन कर हत्यारे की तलाश कर रही है। हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। परीक्षण सिंह 2009 में मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं।

******************

आज विश्व एड्स दिवस दिवस है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा ने इंदौर में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस जागरूकता बढ़ाने, उपचार के लिए अधिकार–आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करने पर केंद्रित होगा। 2024 की थीम है सही रास्ते पर चलें।

*********समाप्त**************